**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**07.11.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00 बजे**

**प्रधानमंत्री–वंदे मातरम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट व सिक्का और **vandemataram150.in** पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डाल सकते है और प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है। उन्होंने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह भारत माता के प्रति भक्ति और श्रद्धा है जो हमें इतिहास की याद दिलाता है। वंदे मातरम की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने आज ही के दिन वर्ष 1875 में की थी।

**राजभवन**

शिमला स्थित राजभवन में भी वंदे मातरम् की एक सौ 50वीं वर्षगांठ के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की मौजूदगी में राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वंदे मातरम् का भावपूर्ण गायन किया। राज्यपाल ने कहा कि वंदे मातरम् भारत माता के प्रति प्रेम, श्रद्धा और अटूट भक्ति का एक अनंत गान है। उन्होंने कहा कि ये गीत प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रवाद की ज्योति प्रज्जवलित करता है।

**सर्वोच्च–न्यायालय आवारा कुत्ते**

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने व राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए कई दिशा–निर्देश जारी किए। शीर्ष अदालत ने आज देश में आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई में हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके

से बाड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण निमय, 2023 के तहत स्थानीय नगर निकायों से ऐसी जगहों से पशुओं को नियमित रूप से उठाकर आवश्यक टीककरण व नसबंदी के बाद निर्धारित आश्रय स्थलों पर भेजने को कहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं। अन्यथा ये अधिकारी इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

**जीएसटी–पर्यटन**

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को बचत उत्सव शुरू किया था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दरो में कमी से देशभर के नागरिकों को लाभ हुआ है।

**हॉकी सौ वर्ष**

भारतीय हॉकी के आज सौ वर्ष पूरे हो गए हैं। इस मौके पर नई दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय हॉकी के गौरवशाली इतिहास और वैश्विक मंच पर उसके प्रभुत्व का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि कठिन समय में भी विभिन्न मैच जीतकर भारतीय खिलाड़ियों ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। मांडविया ने कहा कि भारतीय टीम ने चुनौतियों से सीख लेकर जीत की अपनी सदियों पुरानी विरासत को फिर से हासिल किया है। इस मौके पर खेल मंत्री एकादश और हॉकी इंडिया एकादश के बीच प्रदर्शनी मैच हुआ। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और किरेन रिजिजू ने भी इसमें भाग लिया।

---